## एक नजर में

### कलेक्टर्स - कमिश्नर कॉन्फ्रेस के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा बैठक संपन्न



**रतलाम।** कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में शुक्रवार को सीईओ जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर्स - कमिश्नर कॉन्फ्रेस मे दिए गये निर्देशो के पालन प्रतिवेदन हेतु समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में एसएलआर, ई गर्वनेंस, डीईओ, एलडीएम, पीआरओ, उद्योग एवं निवेश, कलेक्टोरेट, कृषि, जनजातीय कार्य विभाग, नगरीय विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, रोजगार, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोकसेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण विभागों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में 07-08 अक्टूबर को आयोजित कलेक्टर्स -कमिश्नर कॉन्फ्रेस में मिले निर्देशों की कार्यवाही का विवरण लिया गया एवं सभी विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण के सम्बन्ध में बैठक संपन्न

**रतलाम।** कलेक्टर कार्यालय में एडीएम एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालिनी श्रीवास्तव द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के सम्बन्ध राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली गई। बैठक में दल प्रतिनिधियों को निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण में बी एल ए नियुक्ति एवं निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर के संबंध में दिये गये निर्देशों से अवगत कराया गया।

### बिहार में एनडीए गठबंधन की प्रचंड जीत पर सैलाना में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



**सैलाना।** बिहार के विधानसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद दिनभर से भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष रहा शाम होते-होते हृष्ठ गठबंधन की 200 सीट पार होने के पश्चात भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष पंकज राठौर के नेतृत्व में सैलाना नगर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय परिसर पर एकत्रित होकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति पर माल्यार्पण कर जोरदार आतिशबाजी की व एक दूसरे का मुंह मीठा कराया इस अवसर पर भाजपा प्रदेश संयोजक आईटी सेल शैतान सिंह पटेल पूर्व मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र जायसवाल पार्षद विशाल धभाई मुकेश पटेल किशोर कसेरा कुलदीप कुमावत मंडल उपाध्यक्ष अंबिका पाटीदार सौरभ राका लखन चंदेल संतोष धभाई दिनेश आसरा ईश्वर कुमावत सुनील राठौर दिनेश पाटीदार राजेंद्र सिसोदिया अनोखी लाल पाटीदार सुनील पाटीदार राजेश कसेरा गोपाल चौहान सहीत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे

### सी एम एच ओ ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की

**रतलाम।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैलाना पहुंची। वहां मौजूद ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ शैलेश डांगे की उपस्थिति में चिकित्सा अधिकारियों और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। डॉ बेलसरे ने गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम, सिकल सेल एनीमिया, प्रधानमंत्री टी बी मुक्त भारत अभियान, आयुष्मान भारत वय वंदना योजना, गर्भवती एवं शिशुओं को स्वास्थ्य देखभाल के संबंध में अनमोल पोर्टल में डेटा प्रविष्टि करने के संबंध में निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में गर्भवती माता अथवा नवजात शिशु की स्वास्थ्य संबंधी कारणों से मृत्यु नहीं होना चाहिए। सभी मैदानी कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर गर्भवती माता का परीक्षण करें, आशा कार्यकर्ता नवजात शिशुओं की गृह भेंट आधारित स्वास्थ्य देखभाल करें तथा एस एन सी यू एवं पोषण पुनर्वास केंद्र से डिस्चार्ज बच्चों का फॉलोअप करें। कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराकर आवश्यक चिकित्सा सेवाएं प्रदान करें। सीएमएचओ ने सैलाना के प्रसव केन्द्र का निरीक्षण किया तथा अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारियों को समय पर उपस्थित रहकर प्रोटोकॉल आधारित सीमाएं प्रदान करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में बीपीएम श्री धनसिंह रावत, सी पी एच सी सलाहकार श्री लोकेश वैष्णव, बी ई ई श्री कैलाश यादव एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

### निवृतमान ओर वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष का किया स्वागत

**जावरा।** गुरु के प्रति समर्पण भाव होते हैं वहाँ गुरुभक्तों का मिलना सहजता सरलता का प्रतीक होता है ऐसा ही प्रसंग आया की अ भा जैन दिवाकर संगठन समिति के नव नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष आईएम सेठिया के प्रथम जावरा आगमन पर स्वागत अभिनंदन किया। साथ ही निवृतमान राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनिल बम लाला भय्या एवं पूर्व राष्ट्रीय संगठन मंत्री सिद्धराज संघवी का भी स्वागत शाल माला से जैन कांफ्रेंस आत्म ध्यान योजना के राष्ट्रीय संगठन मंत्री गुरु संदीप रांका एवं जैन दिवाकर संगठन समिति के राष्ट्रीय मिडिया समन्वयक समाजसेवी शेखर नाहर द्वारा किया गया है।

### गौरव दिवस पखवाड़ें के अन्तर्गत गतिविधियों का हुआ आयोजन

**जावरा।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शहीद नरेन्द्रसिंह शिक्षा महाविद्यालय में धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150 वीं जयंति के परिपेक्ष्य में जनजातीय गौरव दिवस पखवाडे के अन्तर्गत महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों का योगदान विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। भगवान बिरसा मुण्डा, टट्या मामा, माता शबरी, रानी दुर्गावती आदि विषयों पर प्रशिक्षणार्थियों ने अपने विचार साझा किए। इसके अन्तर्गत महाविद्यालय में क्विज कार्यक्रम भी रखा गया। जिसका विषय मध्यप्रदेश के समृद्ध जनजातीय इतिहास तथा स्वतंत्रता संग्राम में योगदान रहा। महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा महानायकों के जीवन चरित्र पर व्याख्यान का आयोजन किया, साथ ही रांगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. महेश कुमार शर्मा ने भगवान बिरसा मुण्डा के जीवन परिचय व उनके कार्यो के बारे में जानकारी साझा की। इस अवसर पर महाविद्यालयीन स्टॉफ एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# रतलाम रेलवे स्टेशन महोत्सव में 100 रंग-बिरंगे बैलून छोड़े

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** रेलवे स्टेशन रतलाम भवन के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर स्टेशन परिसर में शुक्रवार को उत्साह, उल्लास और वरिष्ठ रेलकर्मियों के प्रति सम्मान के साथ भव्य स्टेशन महोत्सव का आयोजन किया गया। रतलाम स्टेशन की गौरवशाली

**आरपीएफ जवानों ने तिरंगा लेकर मोटरसाइकिल पर भारत माता के जयघोष के साथ परेड की**

विरासत को स्मरण करते हुए अतीत की प्रेरक यादों, वर्तमान के संकल्प और भविष्य की प्रगति को समर्पित इस महोत्सव ने सभी को भावुक एवं उत्साहित किया। मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार ने कहा कि रतलाम रेलवे स्टेशन की रतलाम शहर के विकास, जन-जीवन, व्यापार और सांस्कृतिक समृद्धि में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने रतलाम मंडल में रेलवे द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों और यात्रियों की सुविधा हेतु उठाए जा रहे कदमों की जानकारी भी साझा की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. लीला जोशी रही। सांस्कृतिक उत्सव के प्रारंभ में 100 वर्षों के प्रतीक स्वरूप अतिथियों द्वारा 10-10 के गुच्छों में 100 रंग-बिरंगे बैलून छोड़कर स्टेशन के शताब्दी वर्ष का भावपूर्ण संदेश पूरे



आकाश में बिखेर दिया। इसके पश्चात स्टेशन परिसर में भव्य रंगोली डिजाइनों, आकर्षक आर्टिफैक्ट्स, स्मृति-सम्पन्न फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत शताब्दी वर्ष वॉल का अनावरण एवं हिलियम बैलून रेजिंग भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने महोत्सव में उत्साह का नया रंग भर दिया। मंडल के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सुमधुर गीतों ने सभी का मन मोह लिया, वहीं दाहोद से आए कलाकारों के आदिवासी फोक डांस ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में रेलवे सुरक्षा बल के जवान तिरंगा हाथ में लेकर बुलेट मोटरसाइकिल पर भारत माता के जयघोष के साथ परेड करते हुए नजर आए। उनके साथ स्काउट-गाइड, सिविल डिफेंस और रेलवे स्कूल के बच्चों द्वारा भी आकर्षक परेड प्रदर्शन किया गया। अतिथियों द्वारा स्टेशन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित ड्राईंग एवं क्विज प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर डाक विभाग द्वारा रतलाम रेलवे स्टेशन भवन के 100 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष पोस्टल कवर जारी किया गया, जिसका विमोचन मुख्य अतिथि डॉ. लीला जोशी तथा अन्य अतिथियों द्वारा किया गया।



**सेवानिवृत्त वरिष्ठ रेलकर्मियों का किया सम्मान**



महोत्सव स्थल पर सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें रेलवे से सेवानिवृत्त वरिष्ठ रेलकर्मियों को आमंत्रित कर उनके अनुभवों, स्मृतियों और रेल सेवा में दिए गए योगदान को सम्मानपूर्वक साझा किया गया। रेलवे प्रशासन द्वारा इन सभी सेवानिवृत्त रेलकर्मियों को सम्मानित किया। इसमें प्रदीप बारोठिया, विष्णु चंदवानी एवं प्रकाश चंद्र व्यास को पद्मश्री डॉक्टर लीला जोशी, मंडल रेल प्रबंधक अश्विनी कुमार द्वारा शाल, श्रीफल एवं पुष्प से स्वागत कर अभिनंदन किया गया।



## पं. जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर कांग्रेस ने किया माल्यार्पण

**रतलाम।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल नेहरू जी के जन्म जयंती के अवसर पर रतलाम शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर पूर्व शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, कार्यक्रम संयोजक राजीव रावत, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री श्रीमती यास्मीन शैरानी, उपनेता कमरुद्दीन कछवाय, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम चाहर, रजनीकांत व्यास ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सचेतक आशा रावत, फैय्याज मंसूरी, शैलेन्द्र सिंह अठाना, प्रवक्ता सुजीत उपाध्याय, ब्लॉक अध्यक्ष बसंत पंड्या, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, किशन भगीनामा, राजकुमार जैन लाला, राजेश प्रजापत, अनिल पुरोहित, श्री निवास जादव, हेमंत नेका, सोनू व्यास, विजय उपाध्याय, सुनील महावर, विजय पंड्या लाला, श्याम सुन्दर मौजूद रहे।

## जल, जंगल और जमीन का पहला आंदोलन भगवान बिरसा मुण्डा ने किया

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जल, जंगल और जमीन के लिए सबसे पहले भगवान बिरसा मुण्डा ने आंदोलन किया था। अटलजी के शासन काल में सांसद स्व. दिलीप सिंह भूरिया की अध्यक्षता में जनजातीय आयोग बनाया गया था।

उक्त कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने विधायक जनसंपर्क कार्यालय पर आयोजित प्रेस

**पत्रकार वार्ता में केबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने कहा**

कांफ्रेंस में कही। मंत्री धरती आबा अभियान एवं भगवान श्री बिरसा मुंडा की 150वी जन्म जयंती के अवसर पर होने वाले आयोजन के संबंध में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप से चर्चा कर रहे थे। आपने कहा कि श्री भूरिया के सुझावों पर पैसा एक्ट आया और आदिवासी समुदायों को स्वशासन का अधिकार मिला है। उन्होंने कहा कि धरती आबा अभियान एवं भगवान श्री बिरसा मुंडा जयंती की जानकारी देते हुए बताया कि 15 नवंबर को भगवान श्री बिरसा मुंडा की 150वी जन्मजयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनेगी 7 इस अवसर पर प्रदेश के



सभी जिलों में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। उन्होने कहा कि जल, जंगल और जमीन के लिए सबसे पहले भगवान बिरसा मुण्डा के द्वारा आंदोलन किया गया था, इन तीनो पर आदिवासियों का अधिकार है। भगवान बिरसा मुण्डा ने जनजातीय क्षेत्रों में अंधविश्वास को समाप्त करने, समाज सुधार और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया। कैबिनेट मंत्री श्री काश्यप ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी के शासन काल में आदिवासी सांसद स्व. श्री दिलीप सिंह भूरिया की अध्यक्षता में जनजातीय आयोग बनाया गया था। श्री भूरिया द्वारा दिये गये सुझावों के आधार पर सरकार द्वारा आदिवासियों के लिए पैसा एक्ट लाया गया जिससे अनुसूचित क्षेत्रों में आदिवासी समुदायों को स्वशासन का अधिकार मिला। प्रेस कांफ्रेंस में स्वागत एवं आभार जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने व्यक्त किया। इस दौरान सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग रंजना सिंह, उप संचालक जनसंपर्क अनुराधा गहरवाल सहित मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**जिले में 64 छात्रावास एवं आश्रम शालाएं**

जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों को बाधा रहित शिक्षा प्रदाय करने के उद्देश्य से रतलाम जिले में 64 छात्रावास एवं आश्रम शालाएं संचालित है, जिनमें कुल 3463 विद्यार्थियों को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। कुल 4 विशिष्ट आवासीय संस्थाएं संचालित हैं, जिनमें 2 माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर, 2 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय संचालित हैं, जिनमें कुल 1820 विद्यार्थियों को अध्ययन सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिले में 39 हायर सेकेण्डरी एवं हाई स्कूल संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें से 2 विद्यालयों को सांदीपनि विद्यालय में उन्नयन कर विद्यार्थियों हेतु मानक शिक्षा सुनिश्चित की गई है।

## बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड़ जीत पर रतलाम में जश्न

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव मे मिली प्रचंड़ जीत पर रतलाम मे विजय उत्सव मनाया।

भाजपा कार्यालय पर कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप की उपस्थिति मे

**मंत्री और भाजपा जिला अध्यक्ष मुंह मीठा कराकर जताया हर्ष**

भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय के नेतृत्व में एक दूसरे का मुह मीठा कराया गया और ज़ोरदार आतिशबाजी भी गई।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने नारे बाजी करते हुए जीत का निशान बनाते हुए हर्श व्यक्त किया। विजय उत्सव मे महापौर प्रहलाद पटेल, नगर निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित, पूर्व महापौर शेलेन्द्र डागा, विधानसभा संयोजक मनोहर पोरवाल, जिला महामंत्री जयवंत कोठारी, जिला कोषाध्यक्ष पवन सोमानी, जिला पदाधिकारी मनोज शर्मा, प्रहलाद राठौर, सोनू यादव, विप्लव जैन, अनिता कटारिया, राजेन्द्र पाटीदार होस्टल, राजेन्द्र पाटीदार, अनुज शर्मा, अरूण त्रिपाठी मंडल अध्यक्ष नीलेश गांधी, नंदकिशोर पंवार, सोना शर्मा, मयूर पुरोहित सहित भाजपा के प्रदेश, जिला, मंडल, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



## नप सम्मेलन : 38 नामांतरण में 37 पर सहमति, एक निरस्त

**सैलाना।** नगर परिषद सैलाना का साधारण सम्मेलन शुक्रवार को नगर परिषद सभाकक्ष में आयोजित हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता चैतन्य शुक्ला अध्यक्ष नगर परिषद द्वारा की गई। बैठक का संचालन मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनोज शर्मा द्वारा किया गया। सम्मेलन में 4 विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिए गए। नामांतरण प्रभारी द्वारा नामांतरण के 38 प्रकरण परिषद में प्रस्तुत किए गए जिनमें से 37 प्रकरण सर्व सम्मति से स्वीकृत किए गए एवं एक प्रकरण में आपत्ति प्राप्त होने से निरस्त किया गया। दुकान नामांतरण के कुल 3 प्रकरण प्रस्तुत किए जिन्हें परिषद द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। कल्याणी पेंशन के 4 एवं



वृद्धावस्था के 5 प्रकरणों को स्वीकृत करने पर सहमति व्यक्त की गई। मुख्य नपा अधिकारी मनोज शर्मा द्वारा परिषद को अवगत कराया गया कि वर्तमान में नगर परिषद सैलाना कार्यालय जीर्ण शीर्ण अवस्था में है, कार्यालय हेतु नया भवन बनाया जाना अत्यंत आवश्यक है तथा अध्यक्ष महोदय की प्राथमिकता में सम्मिलित है। निकाय की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ नहीं होने से संचित निधि में जमा राशि एवं शासन से प्राप्त अनुदान से कार्यालय भवन का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है, परिषद द्वारा सर्व सम्मति से संकल्प पारित किया गया। उपाध्यक्ष सुनीता पाठक, पार्षद सलोनी प्रशांत मांडोत, कुलदीप कुमावत, जगदीश पाटीदार, मुकेश पटेल, राधा बद्रीलाल पाटीदार, चंदा दिनेश पारगी, कृष्णा रामप्रसाद चंदेल, पुष्पा ईश्वरलाल राठौड़, सहित सभी शाखाओं के प्रभारी उपस्थित रहे।



## बाल दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर

**जावरा।** न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह व नालसा बच्चो को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाएं योजना अंतर्गत जिला न्यायाधीश जावरा परमानन्द चौहानव व्यवहार न्यायाधीश अंकित भुजंग की उपस्थिति में शुक्रवार को राष्ट्रीय बाल दिवस के अवसर पर स्कॉलर्स पब्लिक स्कूल जावरा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। शिविर में न्यायाधीश जिला न्यायाधीश परमानंद चौहान द्वारा छात्र-छात्राओ को बताया कि हर वर्ष भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की जयंती को बाल दिवस के रूप में मनाते है। शिविर में छात्र-छात्राओं को शिक्षा के अधिकार अधिनियम, बाल संरक्षण अधिनियम, लैंगिग अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, बाल श्रम. बाल अधिकार संरक्षण, गुड ट्च, बैड टच के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अगर किसी भी व्यक्ति द्वारा 18 वर्ष से कम उम्र के बालक-बालिका के साथ शोषण किया जाता है तो उसकी शिकायत स्कूल के शिक्षकगण व परिवारजन से करें, जिससे संबंधित की शिकायत की जा सकें और कठोर एवं दण्डात्मक कार्यवाही की जा सके। शिविर में न्यायाधीश भुजंग द्वारा छात्र-छात्राओं से कहा कि 18 वर्ष से कम के बच्चो को बिना डाईविंग लाईसेंस के वाहन नहीं चलाना चाहिए, यह अपराध की श्रेणी में आता है। यातायात नियमों का पालन करना चाहिये। शिविर में स्कॉलर्स पब्लिक स्कूल जायरा संचालक डॉ. सीएम चेजारा, प्राचार्य डॉ. सैफाली ओझाके सहित शिक्षकगण व छात्रगण सहित तहसील विधिक सेवा समिति जावरा का स्टॉफ उपस्थित रहा।

**मंजूरी** | बरखेडी में विद्युत लाईन शिफ्टिंग एवं अन्य कार्य के लिए दो लाख की स्वीकृत

## 4 हायर सेकेंडरी स्कूलों में अतिरिक्त कक्षों, विद्युत कार्य की मिली स्वीकृति

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बड रहे विधानसभा क्षेत्र में विधायक डॉ राजेंद्र पांडेय के प्रयास सफल होते जा रहे है। क्षेत्र के चार हायर सेकेंडरी स्कूलों में अतिरिक्त कक्षो व विद्युत कार्य की स्वीकृति मिली है। उल्लेखनीय है कि विधायक डॉ पांडेय द्वारा विधानसभा क्षेत्र में भवन विहीन एवं जर्जर हो रहे विद्यालय भवनों के लिए नवीन भवन व अतिरिक्त कक्षो की स्वीकृति के लिए कई वर्षो से प्रयास कर रहे है। विद्यालय में शैक्षणिक सुविधाएं मिल सके, इसके लिए डॉ पांडेय ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, शिक्षा मंत्री उदयप्रताप सिंह के अलावा विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों से निरंतर सपंर्क में है। इन प्रयासों के फलस्वरूप समय-समय पर स्वीकृति मिल रही है। विधायक डॉ पांडेय ने विद्यालयों में कक्षो की कमी को दूर करने के प्रस्ताव पर शिक्षा विभाग ने जावरा विधानसभा क्षेत्र के तीन विद्यालयों को लगभग साडे 73 लाख रु की लागत से अतिरिक्त कक्षो की स्वीकृति दी है। जिनमे शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मावता, शेरपुर और सुजापुर में अतिरिक्त कक्षो का निर्माण किया जाएगा। इसी तरह शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बरखेडी के परिसर में विद्युत मुख्य लाईन होने से दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। इस कठिनाई के निराकरण हेतु विधायक डॉ पांडेय ने उच्च अधिकारियों से चर्चा कर निराकरण के लिए कहा। जिस पर लोक शिक्षण विभाग ने डॉ पांडेय के प्रस्ताव पर हायर सेकेंडरी बरखेडी में विद्युत लाईन शिफ्टिंग एवं अन्य कार्य के लिए दो लाख रु की राशि स्वीकृत की है। जावरा विधानसभा क्षेत्र में शैक्षणिक सुविधा हेतु लगभग 75 लाख रु से अधिक के कार्य स्वीकृत होने पर क्षेत्रवासियों ने बधाई देते हुए मुख्यमंत्री डॉ यादव, शिक्षा मंत्री एवं विधायक डॉ. पांडेय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

**इधर 16 स्कूलों को मिलेंगे अतिरिक्त कक्ष**

डॉ.पांडेय ने जानकारी में बताया कि विधानसभा क्षेत्र के हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूलों में नवीन भवन, अतिरिक्त कक्ष, प्रयोगशाला व अन्य संसाधन उपलब्ध कराने के लिए विगत कई वर्षों से निरन्तर प्रयास कर रहे है। जिनकी स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारियों से निरन्तर चर्चा की है। प्रयासों के चलते विधानसभा के 16 विद्यालयों में अतिरिक्त कक्ष, प्रयोगशाला व अन्य संसाधन की स्वीकृति की तैयारी शुरू कर दी है। इन कार्यो की डीपीआर बनाई जा रही है। उनके पश्चात स्वीकृति दी जाएगी। डीपीआर बनाये जाने वाले विद्यालयों में हाईस्कूल गोंदीधर्मसी, काटजू जावरा, बिनोली, रोला, कॉंकरवा, हसन पालिया, नांदलेटा, मामट खेडा, सेमलिया मजरा, एव बडायला चौरासी के अलावा हायर सेकेंडरी स्कूल रिंगनोद, ढोढर, रियावन, बडायला माताजी, चिकलाना, हतनारा सम्मिलित है।